# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 25.08.2026** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार :–

- **प्रदेश कैबिनेट ने आज करीब 10 हजार 630 करोड़ रुपये के विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भिंड के मालनपुर में गॉदरेज की नई विनिर्माण इकाई का करेंगे शुभारंभ।**
- **सीहोर में 12 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा में करीब पांच लाख श्रद्धालु हुए शामिल।**
- **प्रदेश के टीकमगढ़, दमोह, नरसिंहपुर, बैतूल और राजगढ़ में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।**

**मंत्रि-परिषद -बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और सामाजिक कल्याण के लिए 10 हजार 630 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने फैसलों की जानकारी दी। सड़क कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए एमपीआरडीसी को 12 मार्गों के निर्माण हेतु 4 हजार 600 करोड़ रुपये के ऋण की सरकारी गारंटी को मंजूरी मिली। सिवनी-बालाघाट 91.64 किलोमीटर मार्ग को 3 हजार 458 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन बनाने का निर्णय लिया गया है।

**यूपीआई - दस वर्ष**

भारत में भुगतान की डिजिटल प्रणाली **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस-यूपीआई** के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। 2016 में आज ही के दिन यूपीआई की शुरुआत हुई थी। भुगतान की डिजिटल प्रणाली यूपीआई ने अभूतपूर्व व्यापकता और विश्वसनीयता के माध्यम से वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। यह प्रणाली अब ग्यारह देशों में कार्यरत है।यूपीआई भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के सबसे सफल स्तंभों में से एक है। यूपीआई से लेनदेन की मात्रा में लगभग 13 हजार गुना वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार वार्षिक लेनदेन की मात्रा 2016-17 में मात्र एक करोड़ 78 लाख थी, जो 2025-26 में बढ़कर 24 हजार एक सौ 62 करोड़ से अधिक हो गई है।

**मुख्यमंत्री- भिंड**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भिंड जिले के मालनपुर में गॉदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की चौथी विनिर्माण इकाई का शुभारंभ करेंगे। इकाई के विस्तार पर 450 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इससे 2 हजार 250 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी में नियुक्त युवाओं को नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी वितरित करेंगे।

**डाक सेवा' और 'डाक मित्र' ऐप**

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नयी दिल्ली में 'डाक सेवा' और 'डाक मित्र' ऐप लॉन्च किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डाक विभाग ने दो साल की मेहनत के बाद नई ऊर्जा के साथ इन डिजिटल सेवाओं को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि 'डाक मित्र' ऐप ग्रामीण डाक सेवकों के लिए है, ताकि वे उपभोक्ताओं को डाक विभाग की सेवाएं सुगमता और सुरक्षित तरीके से उपलब्ध करा सकें।

**कांवड़ यात्रा**

सीहोर में सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक करीब 12 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा आज संपन्न हुई। मंदिर प्रशासन के अनुसार, एक दिन में करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। बारिश के बावजूद महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से श्रद्धालु कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए। पंडित प्रदीप मिश्रा ने भी कांवड़ यात्रा में हिस्सा लिया। भारी भीड़ के चलते सीवन नदी घाट पर प्रवेश प्रतिबंधित रहा और पुल पर जल भरने की व्यवस्था की गई। यात्रा में 1200 से अधिक पुलिसकर्मी और पांच मेडिकल पॉइंट तैनात रहे। यातायात व्यवस्था के लिए इंदौर-भोपाल मार्ग पर डायवर्जन भी लागू किया गया।

**भोजशाला**

धार में भोजशाला विवाद को लेकर आज दोपहर एक बजे तक आधा दिन का बंद रखा गया। बंद का शहर में व्यापक असर रहा और बाजार बंद रहे। इसके बाद बड़ी संख्या में नागरिकों ने लालबाग से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के पालन की मांग को लेकर कलेक्टर राजीव रंजन मीणा को ज्ञापन सौंपा। बंद के दौरान स्थिति शांतिपूर्ण रही। कलेक्टर ने कहा कि मामला न्यायालयीन प्रक्रिया से जुड़ा है, इसलिए तथ्यों का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**शिवराज - कृषि**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि डिग्री कार्यक्रमों के माध्यम से युवा छात्रों को प्रशिक्षित करने के महत्व पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में आई.सी.ए.आर. संस्थानों के कुलपतियों और निदेशकों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री चौहान ने कहा कि कृषि शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई को शामिल करना समय की मांग है। कृषि शिक्षा के बारे में उन्होंने कहा कि ऐसी शिक्षा कक्षा में नहीं बल्कि खेतों में, अन्य किसानों के बीच दी जानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों से आग्रह किया कि वे समय की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप एआई आधारित उपकरणों को शामिल करके अपनी शिक्षण पद्धति में बदलाव लाएं। उन्होंने कुलपतियों से छात्रों के साथ अनौपचारिक संबंध बनाने की अपील की ताकि उनसे सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ लेवल अधिकारी यानी बीएलओ भारत के लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ हैं। उन्होंने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के 500 से अधिक बीएलओ और 30 बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि बीएलओ चुनावी प्रक्रिया में विश्वास और पारदर्शिता के महत्वपूर्ण वाहक हैं तथा मतदाताओं के साथ निर्वाचन आयोग का पहला संपर्क हैं। उन्होंने मतदाता सूची तैयार करने में बीएलओ की भूमिका की सराहना की।

**समीक्षा**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों का मेंटेनेंस कराने, फीडर ट्रिपिंग कम करने और पॉवर ट्रांसफार्मरों की ओवरलोडिंग घटाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए।

**मौसम**

प्रदेश में आज भी बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने टीकमगढ़, दमोह, नरसिंहपुर, बैतूल और राजगढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में □ाई इंच से ज्यादा बारिश हो सकती है। वहीं 20 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन बारिश जारी रहने का अनुमान है। सोमवार को भोपाल, नर्मदापुरम, शिवपुरी और सागर समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई।

कुछ समाचार संक्षेप में:-

- रक्षाबंधन के अवसर पर शिवपुरी सर्किल जेल में 28 अगस्त को बंदियों से खुली मुलाकात होगी।
- नीमच जिले में नालसा के 60 दिवसीय मेगा ड्राइव का शुभारंभ मनासा तहसील के ग्राम बर्डिया से हुआ।
- राजगढ़ में आयोजित जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनी गईं।
- टीकमगढ़ जिले में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत यात्रा बड़ागांव धसान पहुंची।
- मुरैना में अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण और संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- खंडवा में "सशक्त युवा-सशक्त भारत" अभियान के तहत हॉली स्पिरिट स्कूल के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण किया।
- मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत श्योपुर जिले के 182 श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में 3 करोड़ 92 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की गई।

..............................